NEET लीक विवाद

चर्चा में क्यों?

राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (NEET) **स्नातक परीक्षा के पेपर लीक** होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है, जिसके कारण **दोबारा परीक्षा** कराने और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) से जाँच कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

- **आर्थिक अपराध इकाई (EOU)** ने खुलासा किया है कि बिहार में **NEET के उम्मीदवारों** ने लीक हुए परीक्षा पेपर के लिये 30 लाख रुपए तक का भुगतान किया है।

मुख्य बिंदु

- **सर्वोच्च न्यायालय** NEET से संबंधित **कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है,** हालाँकि उसने परिणामों के आधार पर प्रवेश के लिये काउंसलिंग पर रोक नहीं लगाई है।
    - यह **खुला घोटाला परीक्षा प्रणाली** में गहरी जड़ें जमाए हुए मुद्दों को उजागर करता है और सुधार व जवाबदेही की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।
- **राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (NEET),** जिसे पहले **अखिल भारतीय प्री-मेडिकल टेस्ट (AIPMT)** के नाम से जाना जाता था, भारतीय मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में MBBS तथा BDS कार्यक्रमों के लिये योग्यता परीक्षा है।
- इसे वर्ष 2013 में **केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)** द्वारा शुरू किया गया था और अब इसे **राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA)** द्वारा आयोजित किया जाता है।
    - NTA **की स्थापना भारतीय सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक सोसायटी के रूप में की गई थी।**
    - यह उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश/फेलोशिप के लिये प्रवेश परीक्षा आयोजित करने हेतु**एक स्वायत्त और आत्मनिर्भर परीक्षण संगठन** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/neet-leak-controversy